# न्यूज क्राइम फाइल

आमंत्रण मुल्य 15/-

ग्वालियर, भिंड, मुरैना, छतरपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सिवनी, जबलपुर, रीवा, सतना, होशंगाबाद, हरदा एवं इंदौर में प्रसारित।

## अंगूठा टेक सटोरी कैसे बना करोड़पति

# ऑटो चलाने वाला राजा कैसे बना सिरोंज का सट्टा किंग जानिए?



वजाहत खान

**ऑटो चलाने वाले मामूली आदमी से आज सिरोंज का सट्टा किंग बन बैठा भाजपा नेता और सटोरी राजा कुरैशी की काली करतूतों से आज न्यूज क्राइम फाइल पर्दा उठाएगा। आज आपको पता चलेगा कि अनपढ़ सटोरी ने कैसे लोगों की जमीनों पर किया है कब्जा और जानेंगे सटोरी राजा कुरैशी की रोडपति से करोड़पति बनने तक की कहानी....**

### सटोरी पहले चलाता था ऑटो...

अधेड़ सटोरी और पार्षद पति राजा कुरैशी कई सालों पहले ऑटो रिक्शा चलाता था जिससे वह दिन के 400 ही कमा पाता था 1 दिन राजा ने सोचा कि कुछ बड़ा करते हैं और वह अपनी किस्मत आजमाने सट्टा खेलने लगा। सूत्रों के अनुसार राजा कुरैशी सट्टा खेलते खेलते फिर खुद सट्टा खिलाने लगा जिसके बाद उसकी आमदनी लाखों में होने लगी। सूत्र बताते हैं कि यह सब काम पुलिस की मिलीभगत से अंजाम दिया गया। 1 साल के अंदर अब ऑटो चालक राजा कुरैशी बन चुका था सिरोंज का मशहूर सटोरी जिसकी पुलिस से लेकर क्षेत्र के लोगों तक अच्छी पकड़ हो चुकी थी।

### ब्याज पर पैसे देकर खा जाता है लोगों की जमीने

सूत्रों के अनुसार अधेड़ सटोरी राजा कुरैशी द्वारा कई लोगों की जमीनें हड़पी गई है। जानकारी के मुताबिक सटोरी राजा पहले लोगों को ब्याज पर पैसे देता है जिसके बदले में उनकी जमीनों के कागजात और कई चीजें गिरवी रखवा लेता है इसके बाद वे उन लोगों पर ब्याज की तलवार मार के उनकी जमीनों पर कब्जा कर लेता है। सौ बात की एक बात यह है कि क्या कोई इस कलयुग के राजा जैसे राक्षस पर कार्रवाई करेगा जो गरीबों को अपने पैरों तले कुचल रहा है।

### प्रदेश के कुछ नेताओं से है गहरे संबंध

सटोरी और पार्षद पति राजा कुरैशी भाजपा के प्रदेश कुछ नेताओं से गहरे संबंध है। सूत्रों के अनुसार नेताओं के द्वारा ही सटोरी की पत्नी को भाजपा से वार्ड 21 का टिकट दिया गया था। मामले में अहम बात यह है कि जिन नेता का सटोरी चाहिता है वे खुद आगामी चुनाव में अपनी सीट बचाने के लिए अभी से तैयारी कर रहे हैं।




### ईओडब्ल्यू को करना चाहिए कार्रवाई

ईओडब्ल्यू और लोकायुक्त की टीम को सटोरी और पार्षद पति राजा कुरैशी की अवैध संपत्ति और काले धन की जांच करना चाहिए। सूत्रों के अनुसार सटोरी और उसके करीबियों के घर ईओडब्ल्यू और लोकायुक्त की टीमें छापा मारती है, तो यह छापा सिरोंज के इतिहास में अभी तक का सबसे बड़ा छापा होगा।

### वार्ड 21 की पार्षद को नहीं आता कुछ.....

सिरोंज की वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद आमना बी जोकि सटोरी और कबजाखोर राजा कुरैशी की पत्नी है आमना बी ने अपने गुंडे पति और नेताजी के सपोर्ट के दम पर वार्ड क्रमांक 21 का चुनाव तो जीत लिया। परंतु क्या वे वार्ड के विकास और उन्नति करने लायक हैं? यह सवाल इसलिए उठता है क्योंकि पार्षद मैडम ज्यादातर घर पर ही रहती हैं उनके बदले उनके सटोरी पति राजा कुरैशी वार्ड 21 के पार्षद बनकर घूमते हैं और लोगों की समस्या भी सुनते हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि पढ़े लिखे नौजवान नौकरियों की तलाश में सड़कों पर खाक छान रहे और अनपढ़ वार्ड का विकास कर रहे हैं ।

### बनता है कुरैशी समाज का है लीडर

राजा कुरैशी खुद को कुरैशी समाज का हिमायती बताता है और कहता है कि उसके पास कुरैशी समाज के 80 प्रतिशत वोट है। लेकिन सच्चाई यह है कि कुरैशी समाज के साथ-साथ कोई भी समाज का व्यक्ति राजा जैसे सटोरी का साथ नहीं देता।

### जुआ सट्टा चलाने के लिए बांटता है पैसे

सूत्र बताते हैं कि जुआ सट्टा चलाने के लिए राजा कुरैशी लाखों रुपए पुलिस को देता है । यही कारण है कि इतने सालों से सट्टा चलाने वाला सटोरी के अड्डों पर पुलिस छापा नहीं मारती है। टीआई साहब खुद जुए के अड्डो की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं करते हैं। जब रक्षक ही भक्षक बन जाएंगे तो क्या होगा इस देश का हाल?

### नई पीढ़ी का बिगड़ने का खतरा

अधेड़ सटोरी के गुर्गे अपने जुए के अड्डों पर नई पीढ़ी के नौजवानों को गलत कामों की लत लगाने लेकर आते हैं। जिसके बाद सटोरी अपने गुर्गों को इनाम के तौर पर रुपए देता है। सटोरी पहले जुए की लत लगाने के लिए नौजवानों को कुछ दिन जीतवाता है, इसके बाद वे उनसे पैसे ऐंठना शुरू कर देता है। क्या सिरोंज प्रशासन के अधिकारियों की नींद तब खुलेगी जब इस गलत काम कि आग उनके घर तक पहुंचेगी?

बाकी की खबर पेज 12 पर पढ़िए

# नागरिकों की जिंदगी बनाना सरकार की जिम्मेदारी: मुख्यमंत्री



उदय प्रताप सिंह चौहान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा है कि विकास गतिविधियों के साथ नागरिकों की जिंदगी को बनाना और उनके जीवन को बचाना सरकार की जिम्मेदारी है। नशा करने से शरीर, मन, बुद्धि और परिवार सभी को नुकसान होता है। नशे के मकड़ जाल में फँसने वाले का जीवन तबाह और बरबाद हो जाता है। समाज को नशामुक्त बनाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश के सभी बेटे-बेटियाँ, भाई-बहन आज सब एकजुट होकर प्रदेश को नशामुक्त बनाने की प्रतिज्ञा लें। मुख्यमंत्री श्री चौहान गांधी जयंती से प्रदेश में शुरू हुए राज्य व्यापी नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उपस्थित जन-समुदाय को नशामुक्त मध्यप्रदेश बनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि सरकार और समाज मिल कर प्रदेश को नशामुक्त बनाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। हम वृक्षारोपण,लिंगानुपात, पानी बचाने और नशामुक्ति में भी देश में प्रथम स्थान पर आने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नशामुक्त भारत अभियान में प्रदेश हर संभव योगदान देगा। राज्य व्यापी नशामुक्ति अभियान में प्रत्येक नगर और गाँव में नशामुक्ति के लिए जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में नशे की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए ऐसी आबकारी नीति बनाई जाएगी, जिससे शराब को प्रोत्साहन नहीं मिले और न पीने वालों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। हुक्का लॉउंज जैसी गतिविधियाँ प्रदेश की धरती पर नहीं चलेंगी। ड्रग्स और अवैध गतिविधियाँ चलाने वालों पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि युवा नशे की ओर जाएँ ही नहीं, इस उद्देश्य से राज्य में खेल और योग गतिविधियों का गाँव-गाँव में विस्तार किया जाएगा। राज्य शासन धर्म गुरूओं और समाज के साथ मिल कर प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए गतिविधियाँ संचालित करेगा। नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशे से मुक्ति दिलाने के लिए कार्य कर रही संस्थाओं के साथ मिल कर प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 11 अक्टूबर को श्री महाकाल लोक के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने प्रदेशवासियों को उज्जैन आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यदि उज्जैन नहीं आ सकें तो अपने ग्राम और नगर में ही इस भक्तिमय उत्सवीय वातावरण में अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों में दीप प्रवलित कर भजन-कीर्तन कर कार्यक्रम में भावनात्मक रूप से सहभागी बनें। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जारी नशामुक्त भारत में केंदीय गृह मंत्रालय सहित सभी मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। नशामुक्ति के लिए बनाए गए नवचेतना मॉड्यूल से शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने कहा कि आजादी की लड़ाई जब जन-आंदोलन बनी तो देश आजाद हो गया। इसी प्रकार नशे और शराब से मुक्ति को जन-आंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है। इसके लिए शासन और समाज अपनी-अपनी भूमिका निभाएँ। राज्य सरकार को नियंत्रित शराब वितरण की प्रणाली को क्रियान्वित करने के प्रयास करना होंगे। सुश्री उमा भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान मुख्यमंत्री होने के साथ समाज सुधारक भी हैं। शिवराज सरकार जिस प्रकार से नशामुक्ति के प्रयास कर रही है, उससे शीघ्र ही नशामुक्ति के क्षेत्र में मध्यप्रदेश मॉडल बन कर उभरेगा। पतंजलि योगपीठ एवं पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक स्वामी बाबा रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान का उत्साह हिमालय जैसा है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में नशामुक्ति का पवित्र महायज्ञ आरंभ हो रहा है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए खेलों को प्रोत्साहन देना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भावनाशील, धर्मपरायण और परम्पराओं में विश्वास रखने वाला प्रदेश है। यहाँ से आरंभ होने वाले नशामुक्ति अभियान का प्रभाव पूरे देश में होगा।

श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष श्री कमलेश पटेल दाजी ने कहा कि नशे को शान समझ कर अपनाने वाला व्यक्ति आगे चल कर नशा लेने के लिए मजबूर हो जाता है। सरकारों के साथ माता-पिता की जिम्मेदारी भी है कि वे बच्चों को ऐसा वातावरण दें जिससे वे नशे की ओर जाएँ ही नहीं। देव संस्कृति विश्वविद्यालय, गायत्री परिवार के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंडया ने उपस्थित जन-समुदाय को गायत्री मंत्र का जाप कराने के बाद कहा कि चिंता का विषय है कि भारत के करोड़ों युवा नशे की गिरफ्त में हैं। वर्तमान परिवेश की दृष्टि से यह बहुत आवश्यक और महत्वपूर्ण अभियान है। डॉ. पंडया ने गायत्री परिवार द्वारा नशामुक्ति के लिए चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी भी दी। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि नशे से मुक्ति के लिए सभी स्तर पर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने नशा छुड़ाने के उपायों और घरेलू उपचार की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में नशा छोड़ चुके डॉ. राजीव तिवारी ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रीराम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष श्री कमलेश पटेल 'दाजी' की पुस्तक द विजडम ब्रिज का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान पर बनाई गई लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन तथा दीप प्रवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों और धर्म गुरूओं का शॉल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती और स्वामी बाबा रामदेव ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का सम्मान किया। प्रमुख सचिव, समाजिक न्याय और निःशक्त जन कल्याण श्री प्रतीक हजेला ने बताया कि नशामुक्ति के लिए शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान में स्वैच्छिक संगठनों, धर्मगुरूओं सहित सभी वर्गों की सक्रियता बढ़ा कर जन-सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। सभी शहर और गाँवों में वातावरण निर्माण के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम, रैलियाँ और मानव श्रृंखलाएँ बनाई जाएगी। साथ ही स्कूल कॉलेजों में नुक्कड़ नाटक और विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी होंगी। नशामुक्त ग्राम पंचायत को एक लाख रूपए के सम्मान की व्यवस्था है। अभियान में नशाग्रस्त व्यक्ति के प्रारंभिक लक्षणों के प्रति आमजन को जागरूक करने और लोगों को नशामुक्त बनाने के लिए गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी।



# उमा बोलीं-टेंट या झोपड़ी में रहूंगी: नई शराब नीति बनने तक चलाएंगी अभियान

## मैं 7 नवंबर 2022 से 14 जनवरी 2023 मकर संक्रांति तक भवन त्याग दूंगी



संजीव कुमार

मैं 7 नवंबर 2022 से 14 जनवरी 2023 मकर संक्रांति तक भवन त्याग दूंगी। नदी किनारे या किसी पेड़ के नीचे या अनुचित या निषिद्ध स्थान पर शराब की दुकान या अहाते के सामने टेंट लगाकर छोटी सी चौपाल लगाऊंगी। मध्यप्रदेश में नई शराब नीति की मांग को लेकर पूर्व सीएम उमा भारती एकबार फिर एक्शन में आ गई हैं। उन्होंने नई नीति बनने तक घर छोड़ने का ऐलान किया है। 7 नवंबर से वे घर छोड़ देंगी। उन्होंने कहा कि जब तक लोगों को शराब के आतंक से मुक्ति नहीं मिल जाती, तब तक खुले आसमान के नीचे, जंगल में टेंट-झोपड़ी में ही रहूंगी। जरूरत पड़ी तो शराब दुकान या अहाते के सामने ही सोउंगी। वहीं पर टेंट लगाकर चौपाल करूंगी। जो कुछ मिलेगा खा लूंगी, नदी में स्नान करूंगी। उमा भारती प्रदेशभर में शराब के अहाते बंद करने कीन मांग भी कर रही हैं। उमा भारती ने ये बातें शुक्रवार को भोपाल में अपने बंगले पर मीडिया से मुखातिब होने के दौरान कहीं। यही बात उन्होंने पहली बार सोशल मीडिया पर ऑनलाइन आकर भी कहीं। इसी दौरान उन्होंने घर छोड़ने का ऐलान किया। इससे पहले, वे मध्यप्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग उठा चुकी हैं, लेकिन शिवराज सरकार के नशा मुक्ति अभियान के बाद वे शराबबंदी की जगह शराब नीति में बदलाव करने की मांग कर रही हैं।

### शिवराज को बड़ा भाई बताया

उमा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तारीफ भी की। उन्हें बड़ा भाई बताते हुए कहा- शिवराज और सरकार ने पहली बार किसी जनआंदोलन को अभियान बनाया है। नई नीति जल्दी बने, इसलिए भ्रमण पर निकलूंगी। किसी भवन में नहीं रहूंगी। खुले में, पेड़ के नीचे, अहाते के सामने टेंट में ही रहूंगी। आपत्ति वाली दुकानों के फोटो और वीडियो लेकर शिवराज को भेजूंगी।

### बोलीं- मैं शिवराज के खिलाफ नहीं

हमेशा तीखे तेवरों से सुर्खियों में रहने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि मैं शराब के खिलाफ और शिवराज के साथ हूं। इसलिए आंदोलन कर रही हूं। आगे भी करती रहूंगी।

### लोगों की नजर में मैं ठगी सी रह गई

उमा ने कहा- मेरे इस निर्णय के पीछे का कारण हाल ही में बंद किए गए कुछ अहाते व दुकानें हैं। मुख्यमंत्री और मुझे सूचित किया गया कि अमुक दुकानें व अहाते बंद कर दिए गए हैं, जबकि वह खुले रहे। ऐसे में संबंधित दुकानदार कोर्ट से स्टे ले आए। मैं ठगी सी रह गई।



### बताया भोपाल का उदाहरण

उमा भारती ने कहा कि भोपाल के अयोध्या बायपास में 30 साल पुराने देवी और हनुमान मंदिर हैं। इसके ठीक सामने ही शराब की दुकान है। मैंने पूछा तो अधिकारियों ने कहा कि 50 मीटर की दूरी होना चाहिए। इतनी कम दूरी में तो मेरी घर में ही कई दुकानें खुल सकती हैं। मैं इतनी दूरी चाहती हूं कि शराब दुकान से किसी को परेशानी न हो। स्थान के हिसाब से दूरी तय की जाना चाहिए।

### नई नीति में ये चाहती हैं उमा

स्कूल-कॉलेज, कोचिंग या कोई भी शिक्षण संस्थान जब तक खुले रहें, तब तक शराब दुकानें बंद रहें। चाहे वह एक किलोमीटर दूर ही क्यों न हो धार्मिक स्थान से 500 मीटर की दूरी हो मजदूरों की बस्ती के आसपास दुकान न लगे अस्पताल, अदालत, बस स्टैंड, महिलाओं के जमावड़े, लोगों की आपत्ति वाले स्थानों से दुकानें दूर हों।

### उत्तराखंड से चुनाव लड़ने के संकेत

लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उमा ने उत्तराखंड से चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी जहां से चाहेगी वहां से चुनाव लड़ूंगी। उन्होंने कहा कि मैं जहां से चुनाव लड़ती हूं, वहां बड़ा प्रोजेक्ट आता है। पिछले चुनाव में प्रदेश की 17 सीटों पर प्रचार किया और सभी जीतीं भी।

### शराब के खिलाफ उमा ने खोला था मोर्चा

मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भोपाल की शराब दुकान को निशाना बनाया था। उमा अचानक एक शराब दुकान पर पहुंचीं और पत्थर से बोतलें फोड़ दीं। पूर्व सीएम शाम करीब साढ़े 4 बजे भेल क्षेत्र के बरखेड़ा पठानी पहुंचीं। यहां आजाद नगर में शराब की एक दुकान है। उमा दुकान में घुसीं और पत्थर से बोतलें तोड़ दीं। उमा कई बार राय में शराबबंदी की मांग कर चुकी हैं।



### ओरछा में शराब दुकान पर फेंका था गोबर

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मंगलवार को ओरछा में शराब दुकान पर गोबर फेंका। अपने एक ट्वीट में उन्होंने कहा- सरकार को ज्ञापन दिए और प्रशासन से भी इस दुकान को हटाने के लिए कहा। दुकान के विरोध में अब लोग कोई भी एक्शन लेते हैं तो अपराध नहीं कहा जाएगा, क्योंकि यहां दुकान खोलना ही महा अपराध है। मध्य प्रदेश उड़ता पंजाब की तरह कहीं उड़ता मध्यप्रदेश न बन जाए।

### शिवराज को लिखी चिट्ठी- कहा- महिलाओं के लिए पत्थर मारा

पूर्व सीएम उमा भारती के शराब दुकान में घुसकर बोतलें तोड़ने के मामले में मध्यप्रदेश की राजनीति गरमा गई है। यह मुद्दा सोमवार को विधानसभा में भी गूंजा। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने कहा कि उमा भारती ने शिवराज सरकार की नीतियों पर पत्थर मारा है। इधर, उमा ने सीएम शिवराज को चिट्ठी लिखकर कहा कि मैंने महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए पत्थर मारा है। कोई पुरुष यदि महिलाओं का अपमान करेगा, तो उसका सिर भी फोड़ दूंगी।

### नड्डा को भी बताया था दर्द

मध्यप्रदेश में शराब के मुद्दे को लेकर भाजपा नेत्री और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती एक बार फिर शिवराज सरकार से नाराज दिखीं। इस बार उन्होंने सीधे बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को 3 पेज का लेटर लिखा और इसे सार्वजनिक भी किया। लेटर में उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी पीड़ा जाहिर की है। उमा ने सभी भाजपा शासित राज्यों में एक जैसी शराब नीति लागू करवाने की मांग भी की है। उन्होंने लिखा कि मध्यप्रदेश में शराबबंदी पर मैं लगातार सक्रिय हूं, फिर कल जब घुटन महसूस हुई, तब प्रेस विज्ञप्ति और ट्वीट किए।

### सोशल मीडिया पर भी जताया दर्द

मध्यप्रदेश की पूर्व सीएम उमा भारती ने शराबबंदी के लिए मोर्चा खोल रखा है। इस पर उमा भारती और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान में टकराव बढ़ता दिखाई दे रहा है। इस बार उमा भारती ने शुक्रवार को लगातार ट्वीट किए। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि मैं मध्यप्रदेश की महिलाओं व बेटियों के साथ हूं। शराबखोरी के शिकार हो रहे बेटों के लिए भी चिंतित हूं। उनकी इज्जत व जान पर खेलकर हम राजस्व कमा रहे हैं, इस पर शर्मिंदा भी हूं।


## सपांदकीय

### कुछ देर से 5जी

अलग-अलग चरणों में सफल प्रयोगों के बाद भारत में पांचवीं पीढ़ी की वायरलेस दूरसंचार सेवा की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इस सेवा की विधिवत शुरुआत कर दी है और अपना देश संचार के नए युग में प्रवेश कर गया है। मोटे तौर पर इंटरनेट सेवा की रफ्तार कम से कम दोगुनी हो जाएगी। भारती एयरटेल ने बाजी मारते हुए दिल्ली, मुंबई, वाराणसी और बेंगलुरु सहित आठ शहरों में 5जी सेवाएं शुरू की है। प्रतिद्वंद्वी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अगस्त में ही कह दिया था कि वह दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में दिवाली तक और अगले साल दिसंबर तक पूरे भारत में अपनी 5जी सेवाओं को शुरू करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जाहिर है, 5जी सेवाओं का भारत में अगले साल ठीक-ठाक प्रसार हो जाएगा। अगले साल बाकी दूरसंचार कंपनियों को भी 5जी सेवा के साथ मैदान में उतरना होगा। आज डाटा और तेज नेटवर्क की जरूरत तेजी से बढ़ रही है, लोग नहीं चाहते कि नेटवर्क में किसी तरह की बाधा रहे या किसी फोटो या वीडियो को देखने के लिए सेकंड भर भी इंतजार करना पड़े। वैसे, हमें ध्यान रखना चाहिए कि 5जी सेवा के मामले में भारत कुछ पिछड़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक लगभग 70 देशों में 5जी नेटवर्क शुरू हो गया था। साल 2020 के मध्य तक 38 देशों में 5जी की पहुंच हो गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि कोरोना महामारी की वजह से भी विलंब हुआ है। दुनिया में 5जी की शुरुआत को चार साल भी नहीं हुए हैं, लेकिन इस साल के अंत तक 5जी सेवा की पहुंच एक अरब से ज्यादा लोगों तक हो जाएगी। एक अरब 4जी यूजर्स तक पहुंचने में चार साल लग गए थे और एक अरब 3जी यूजर्स तक पहुंचने में 12 साल लगे थे। मतलब अब दुनिया में नई तकनीक का प्रसार काफी तेजी से होने लगा है। अमेरिका और यूरोप 5जी सेवा में सबसे आगे हैं। हालांकि, दक्षिण कोरिया वह देश है, जिसने सबसे पहले 5जी नेटवर्क को तैनात किया था।

## आलेख

# जन-जन के लिए सरल, सहज और सदैव तत्पर कृषि मंत्री पटेल



किसानों की समस्याओं को बखूबी जानने वाले और उनका स्थाई हल खोज निकालने की सोच रखने वाले प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि मंत्री कमल पटेल का गुरुवार (06 अक्टूबर) को 60वां जन्मदिन है। दिन-रात किसानों की चिंता करने वाले कमल पटेल ने अपनी सूझबूझ के साथ कृषि क्षेत्र में जो नवाचार करवाये हैं, उनका लाभ सीधे किसानों को मिला है। यहाँ तक कि उनकी बनाई गई कई रणनीतियों को केन्द्र और राज्य सरकार ने योजनाओं का रूप देकर प्रभावी तरीके से किसानों के हित में लागू भी किया है। उन्हीं योजनाओं में से एक योजना स्वामित्व योजना किसानों के लिए वरदान बन गई है। जनतंत्र का अर्थ जन-सेवा, जन-आकांक्षा, जनहित और जन-संप्रभुता में निहित है। जन-कल्याण के प्रति सतत जवाबदेही से ही जन-विश्वास बढ़ता है, जो अंतत: लोकप्रियता का मजबूत आधार होता है। मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री पटेल उन चुनिंदा जनप्रिय राजनेताओं में शुमार हैं, जो आमजन से सरलता से मिलते हैं, सहजता से उपलब्ध होते हैं और सहृदयता से जन-कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। जनहित उनका ध्येय होता है और जनता की खुशहाली के लिए वे प्रतिबद्धता से हर समय प्रयासरत रहते हैं।

मध्यप्रदेश के वरिष्ठ राजनेताओं में शामिल कमल पटेल के जनहित के कार्य उनकी शख्सियत का प्रतिबिम्ब है। किसानों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाने के लिए प्रयासरत रहे पटेल प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लागू होने के दिन 24 अप्रैल 2020 को भारत की ग्रामीण क्षेत्रों की आजादी का दिन कहते हैं। मंत्री पटेल ने इस योजना के क्रियान्वयन को नये आयाम देते हुए सबसे पहले एक साल की अवधि में पूर्ण कर इतिहास रच दिया। देश में मध्यप्रदेश का हरदा जिला सबसे पहले स्वामित्व योजना के सम्पूर्ण दस्तावेज तैयार कर 402 राजस्व ग्रामों की आबादी को स्वामित्व दस्तावेज वितरण करने वाला जिला बना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अक्टूबर 2021 को इसके साक्षी बने और उन्होंने कमल पटेल को योजना के क्रियान्वयन एवं जन्मदिन की बधाई दी। मंत्री पटेल ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं के निदान के लिए सदैव संवेदनशील रहे हैं। उन्होंने हरदा में वर्ष 2020 में आपकी समस्या का हल-आपके घर अभियान शुरू किया था। प्रारंभिक दिनों में जब कृषि मंत्री स्वयं जनता के बीच उपस्थित हुए और उन्होंने साफ कहा कि अब जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाने की कोई जरूरत नहीं है। तब कुछ लोगों, अधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों के मन में संशय था। पटेल स्वयं दृढ़ संकल्पित होकर कार्य को अमलीजामा पहनाने में जुट गए। वे स्वयं उपस्थित होते, गांव में चौपाल लगाते और अधिकारियों को प्रोत्साहित कर जनता से संवाद करते रहे, इसका परिणाम यह हुआ कि हरदा जिले में लोगों को योजनाओं का लाभ मिलने लगा।



लगभग डेढ़ दशक पहले शिवराज सरकार में उन्होंने राजस्व राज्यमंत्री के रूप में किसानों के जीवन में बदलाव लाने के लिए भू-अधिकार पुस्तिका की अनूठी पहल की थी। मुख्यमंत्री आवास मिशन में मकान निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान भी किया गया था। मंत्री पटेल ने वर्तमान सरकार में कृषि मंत्री बनने के बाद किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए किए गए प्रयासों से ही नर्मदापुरम संभाग के किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के लिए तावा नदी पर बने बांध से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हुआ। इतना ही नहीं ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी भी संभव हो सकी। कमल पटेल एक ऐसे राजनेता हैं, जो कृतसंकल्पित होकर लोककल्याण को अपना अंतिम ध्येय समझते हैं। खरगोन में दंगा पीड़ित परिवार की बेटी की शादी के लिए मामेरा लेकर पहुंच जाते हैं। हरदा के लोगों का इंदौर के निजी अस्पतालों में उपचार करवाते हैं। गरीब बच्चों की फीस भरते हैं। बहनों को नर्सिंग कॉलेजों से डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं। जनता के बीच वे एक ऐसा चेहरा हैं, जिसमें सादगी और सेवा के अटूट भाव हैं। असल में क्षेत्र में उनकी पहचान एक भाई और बेटे जैसी है। जो विश्वासनीय और अडिग है।

# बार बाउंसर ने मैनेजर को धमकाया: पुलिस थाने लाई तो कान पकड़कर गिड़गिड़ाया

**न्यूज क्राइम फाइल**

बार बाउंसर ने पहले चाकू लहराकर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों को डराया। फिर मैनेजर को धमकाते हुए कहा- मेरा नाम बादशाह है। तुम मुझे नहीं जानते, 6 मर्डर किए है। पुलिस ने खातिरदारी की तो कान पकड़कर बोला-बड़ी गलती हो गई छोड़ दो भोपाल के हबीबगंज इलाके में करतार बिल्डिंग में संचालित महिन्द्रा फाइनेंस के दफ्तर में पहुंचे बीयर बॉर के बाउंसर ने 50-60 कर्मचारियों को चाकू की नोक पर बंधक बना लिया। उसने फाइनेंस कंपनी के डिविजनल मैनेजर को चाकू लहराते हुए धमकाया कि बादशाह नाम है मेरा। तुम मुझे नहीं जानते, 6 मर्डर में हूं...। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पुलिस ने उसकी जमकर खातिरदारी की। इसके बाद वह थाने में उठक-बैठक लगाते हुए गिड़गिड़ाकर कहता रहा-पहली बार ऐसा हुआ है। अब नहीं करूंगा।

**आशिमा मॉल के पास ऑफिस शिफ्ट करने पर बढ़ा विवाद**

अवधपुरी निवासी शीवेंद्र सिंह बघेल महिंद्रा फाइनेंस में डिविजनल मैनेजर हैं। उन्होंने बताया- हबीबगंज रेलवे स्टेशन के सामने करतार बिल्डिंग में अभी महिंद्रा फाइनेंस का ऑफिस संचालित हो रहा है। अब इसे आशिमा माल के पास शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। शुक्रवार सुबह 11 बजे ऑफिस का स्टाफ शिफ्टिंग में जुटा था। तभी उस बिल्डिंग के मालिक के बीयर बार (जैकपॉट) का बाउंसर शुभम उर्फ बादशाह ठाकुर वहां पहुंचा। वह चाकू लहराते हुए गेट के सामने खड़ा हो गया। जब मैंने उसे समझाने का प्रयास किया तो वो मुझे धमकाते हुए कहने लगा कि तुम लोग ऑफिस शिफ्ट नहीं कर सकते। उसने ऑफिस का गेट बाहर से बंद कर दिया। फिर वह चाकू लहराते हुए कहने लगा कि बिल्डिंग खाली की तो सब को खल्लास कर दूंगा।



**बार भी बिल्डिंग मालिक का ही**

आरोपी ने मुझे धमकाते हुए कहा कि मैं ठाकुर हूं। इस पर मैंने कहा कि मैं भी ठाकुर हूं। इसके बाद उसने किसी को फोन लगाया। वह बोल रहा था-दादा मैटर हो गया है। लड़के भेजो। लड़के पहुंचते इससे पहले पुलिस पहुंच गई। जिस बिल्डिंग में ऑफिस संचालित है। उसमें जैकपॉट नाम से बीयर बॉर भी चल रहा है। बॉर भी बिल्डिंग मालिक का ही है। इसमें आरोपी बाउंसर है। सप्ताहभर से तीन-चार बाउंसर ऑफिस में बैठ जाते थे। वह ऑफिस खाली करने से रोक रहे थे।

**नवीन अरोरा की है बिल्डिंग, उसे भी बनाया आरोपी**

जांच अधिकारी ,स्ढ्ढ बद्री विश्वकर्मा ने बताया कि जिस बिल्डिंग में महिन्द्रा फाइनेंस का ऑफिस है, वह नवीन अरोरा की है। नवीन अरोरा बीयर बार का मालिक भी है। पुलिस ने मामले में नवीन अरोरा समेत तीन लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें बादशाह और उमेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि नवीन अरोरा की तलाश की जा रही है।

**इसलिए शिफ्ट नहीं होने दे रहा था ऑफिस**

महिंद्रा फाइनेंस के रीजनल मैनेजर शिवेंद्र सिंह बताया कि मकान मालिक नवीन अरोरा को मैनेजमेंट ने ऑफिस शिफ्ट करने की सूचना दी थी। उसे लगा कि ऑफिस शिफ्ट होने से उसका किराए का नुकसान होगा। इसकी वजह यह कि अब उस बिल्डिंग में उतना बड़ा ऑफिस जल्दी कोई किराए से नहीं लेगा। ऐसे में नवीन अरोरा अपने बार के बाउंसरों को डराने-धमकाने के लिए भेजने लगा।

**मैनेजर को नहीं पता रेंट चार्ज**

ऑफिस का किराए को लेकर रीजनल मैनेजर शिवेन्द्र सिंह को जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि एडमिन को इसकी जानकारी होगी। इस बिल्डिंग में 10-12 साल से ऑफिस चल रहा है। एडमिन का काम देख रहीं निम्मी ने कहा- मुझे कुछ जानकारी मीडिया को नहीं देनी है। टीआई मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। प्रारंभिक जांच में शुभम का अभी कोई रिकॉर्ड नहीं मिला है।

**बिल्डिंग खाली करने की वजहः सेफ्टी पर्पज से ठीक नहीं थी**

मैनेजर शिवेन्द्र सिंह ने बताया कि ऑफिस शिफ्ट करने की वजह सेफ्टी पर्पज से ठीक नहीं थी। बिल्डिंग पुरानी थी। इसके साथ ही बार होने से असामाजिक तत्वों का हर समय आना-जाना होता था। दिन में भी बार में आने वाले ग्राहकों की वजह से कर्मचारियों को परेशानी होती थी। ऐसे में ऑफिस को शिफ्ट करने का फैसला लिया गया।

**पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर**

अगर आपके अंदर लिखने का कौशल है और पत्रकारिता में रुचि है, तो 'न्यूज क्राइम फाइल' को आपकी तलाश है। 'न्यूज क्राइम फाइल' से जुड़ कर आप हर माह दस हजार रुपये तक कमा सकते हैं। 'न्यूज क्राइम फाइल' भोपाल, ग्वालियर, सतना, सागर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और नीमच में ब्यूरो ऑफिस खोलने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल हमें अपना बॉयोडाटा मेल करें या व्हाट्सअप करें।

उदय प्रताप सिंह चौहान (संपादक) 07223003441
संजीव कुमार (ब्यूरो प्रभारी भोपाल) 08224965455
email: newscrimefile@yahoo.com

# जन-जन को जोड़ें श्री महाकाल लोक के लोकार्पण समारोह से: मुख्यमंत्री

न्यूज क्राइम फाइल

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि श्री महाकाल लोक का लोकार्पण समाज को एक दिशा में ले जाने का अद्भुत समारोह होगा। इससे जन-जन को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में मिल कर प्रयास करने हैं। जिलों में भी उत्साह का वातावरण बना कर नागरिकों को कार्यक्रम के सीधे प्रसारण से जोड़ कर प्रत्यक्षदर्शी बनाने के प्रयास किए जाएँ। लोकार्पण दिवस के संध्या काल में श्री महाकाल लोक परिसर के शिवार्पण के समय हर घर में दीप जलाए जाएँ। प्रत्येक नागरिक को सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान 11 अक्टूबर को उज्जैन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण के संबंध में निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा उज्जैन जिला प्रशासन और अन्य जिलों के कलेक्टर्स और जन-प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अद्भुत कार्यक्रम की तैयारियों के लिए परिश्रम के साथ प्रयास करने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपस्थित थे। जिलों से मंत्रीगण और कलेक्टर्स वर्चुअल शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी को महाअष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि श्री महाकाल लोक के लोकार्पण से सम्पूर्ण प्रदेशवासियों को वर्चुअली जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है। जिलों के प्रमुख मंदिरों में टी.वी. स्क्रीन से




आमजन को इस कार्यक्रम को देखने का अवसर मिलेगा। यह मध्यप्रदेश ही नहीं, संपूर्ण देशवासियों के लिए आस्था और सामाजिक एकता से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

**जिलों में लोकार्पण कार्यक्रम का प्रसारण देखने के लिए वातावरण बनाएँ**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोकार्पण समारोह की आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 11 अक्टूबर की शाम 6 बजे श्री महाकाल लोक का लोकार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में मनाया जाना है। इसके लिए जिलों में ऐसा वातावरण बनाया जाएँ, जिससे अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम देख सकें। ग्राम के किसी एक मंदिर में सभी ग्रामवासी एकत्र होकर समारोह के सहभागी बनेंगे। शहरी क्षेत्र में वार्डों में भी प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम प्रसारण की व्यवस्था करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्राम स्तर पर मंदिरों में 11 अक्टूबर को विद्युत साज-सज्जा हो। वाद्य यंत्र बजें, रंगोली सजाएँ, पताका लहराएँ और प्रसाद वितरण भी किया जाएँ। ये सभी व्यवस्थाएँ जन-सहयोग से की जाएँ। सभी लोग मंदिर प्रांगण में बैठ कर शंख और घण्टियाँ बजाते हुए कार्यक्रम में शामिल हों। देवस्थलों में दीप-मालाएँ जला कर रोशनी की जाए। बड़े मंदिरों में 10 और 11 अक्टूबर को अभिषेक और पूजन किए जाएँ। ऐसे बड़े मंदिरों में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर, भादवा माता मंदिर नीमच, जालपा देवी मंदिर देवास, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग खण्डवा और बैजनाथ मंदिर आगर-मालवा सहित अन्य जिलों के प्रमुख मंदिर और देव-स्थल शामिल रहेंगे। जिलों में भी जन-प्रतिनिधि सोशल मीडिया से आवश्यक प्रचार सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि निमाड़ और मालवा अंचल से शिवार्पण कार्यक्रम में सीधे भागीदारी कर सकते हैं। इंदौर और उज्जैन संभाग के प्रत्येक जिले के विभिन्न समाज, धर्मों के गणमान्य नागरिकों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। जनजातीय समाज को भी इससे जोड़ा जाए। विभिन्न समाज और संस्थाओं के अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि, पार्षद, जनजातीय समाज के तड़वी, पटेल, पुजारी, पुजारा आदि को आमंत्रित किया जाए। उज्जैन पहुँचने वाले नागरिक अपने ग्राम, नगर से जल लाकर उज्जैन के रूद्र सागर में समर्पित कर सकते हैं। रूद्र सागर का पुनरूद्धार किया गया है और यह विकसित परिसर का प्रमुख आस्था केन्द्र है।

पाँच वर्ष में फलीभूत हुए प्रयास

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री महाकाल लोक के लिए वर्ष 2017 में योजना बनी थी। वर्ष 2018 में इसे प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। वर्ष 2019 में कार्य रूक गए थे, जिन्हें पुनः 2020 से प्रारंभ कर पूर्ण किया गया है। परियोजना से आमजन को शिव लीला के दर्शन, मूर्तियों और म्यूरल्स से सांस्कृतिक वैभव से परिचित करवाया जा सकेगा। जिस तरह केदारनाथ में बाढ़ के बाद फिर से रचना कर सुविधाएँ विकसित की गईं, काशी विश्वनाथ में कार्य हुए, उसी तरह अब श्री महाकाल लोक में परियोजना के कार्य पूरे कर लिये गये हैं।

# युवती से गैंगरेप, वीडियो भी बनाया, चला बुलडोजर

न्यूज क्राइम फाइल

रीवा में 19 साल की युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती 5 दिन पहले दुर्गा पंडाल से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में दो नाबालिग समेत 6 आरोपियों ने उसे रोक लिया। इसके बाद बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपियों ने युवती के भाई को इसका वीडियो भी भेजा। तब मामले का खुलासा हो सका। बुधवार को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार को आरोपियों के घर को प्रशासन ने ढहा दिया। मऊगंज एसडीओपी ने बताई पूरी घटना।

19 साल की युवती अपने मायके आई हुई थी। नवदुर्गा में 1 अक्टूबर की रात वह दुर्गा पंडाल में माता के दर्शन करने गई थी। रात करीब 11 बजे वह घर लौट रही थी। रास्ते में दूसरी ओर से पास के गांव जड़कुड़ के दो नाबालिग और चार युवक सीताराम पटेल (20), विमलेश पटेल (18), सिरताज अली



(18), राजबहादुर यादव (21) आ रहे थे। उन्होंने युवती को अकेला देख रोक लिया। वे छेड़छाड़ करने लगे। इसके बाद झाड़ियों में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। वारदात के बारे में बताने और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने युवती को छोड़ दिया। डरी सहमी युवती घर आ गई।

**दो दिन युवती डरी-सहमी रही**

दो दिन तक युवती ने डर के मारे किसी को कुछ नहीं बताया। दो दिन बाद यानी 4 अक्टूबर को आरोपियों ने युवती के भाई को छेड़छाड़ का वीडियो भेज दिया। वीडियो देख भाई के होश उड़ गए। उसने बहन से पूछा तो वह डर के मारे कुछ बता नहीं सकी। भाई पूरी बात समझ गया। वह बहन को लेकर पुलिस थाने पहुंचा। यहां पुलिस ने पहले छेड़छाड़ का केस दर्ज कर लिया। 5 अक्टूबर को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो देखा। इसमें संदिग्ध गतिविधियां दिखीं। पुलिस समझ गई कि युवती के साथ गलत हुआ है। पीड़िता को थाने बुलाया गया। वहां महिला सब इंस्पेक्टर ने युवती से पूछताछ की। यहां डरी-सहमी युवती कुछ नहीं बोली। समझाइश के बाद युवती ने आपबीती बता दी। पुलिस ने आला अफसरों ने घटनास्थल का जायजा लिया। एफएसएल की टीम भी वहां पहुंची। बुधवार को ही सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के घर ढहाए

गुरुवार को प्रशासन ने राजस्व विभाग को बुलाया। आरोपियों के घर की नपती करवाई गई। इसके बाद दोपहर में सभी आरोपियों के घर ढहा दिए।

# विमेंस अंडर-17 फीफा वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**न्यूज क्राइम फाइल**

11 से 30 अक्टूबर तक देश में होने वाले विमेंस अंडर-17 वर्ल्ड कप के लिए 21 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टूर्नामेंट देश के तीन शहरों भुवनेश्वर मुंबई और गोआ में खेला जाएगा। भारत ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में यूएसए, मोरोक्को और ब्राजील शामिल है। भारत का पहला मुकाबला 11 अक्टूबर को अमेरिका के साथ है। जबकि, 14 अक्टूबर को मोरक्को और 17 अक्टूबर को ब्राजील के साथ भिड़ंत होगी। भारत में पहली बार विमेंस अंडर-17 वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय टीम पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।




**मुख्य कोच बोले- कोई भी आसानी से हमें नहीं हरा पाएगा**

टीम इंडिया के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी ने कहा कि पहली बार भारतीय टीम वर्ल्ड कप में खेल रही है। हम सभी के लिए नया अनुभव होगा। उन्होंने कहा – हम वर्ल्ड कप को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। हमारे खिलाड़ियों के पास अपनी प्रतिभा को दिखाने का बेहतर अवसर है। हमें कोई भी टीम आसानी से नहीं हरा सकती है। हम पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं है। हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। भारत सहित 16 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। भारत, मोरक्को, यूएसएस और ब्राजील ग्रुप ए में हैं। जबकि चिली, जर्मनी न्यूजीलैंड ओर नाइजेरिया ग्रुप बी में हैं। वहीं ग्रुप सी में चीन, कोलंबिया, मैक्सिको और स्पेन की टीमें शामिल हैं। वहीं ग्रुप डी में कनाडा, फ्रांस, जापान और तंजानिया की टीमें शामिल हैं।

**हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी**

वर्ल्ड कप में 17 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में शामिल टीमें एक-दूसरे के साथ खेलेंगी यानी हर टीम को तीन मैच पहले खेलने होंगे। हरेक ग्रुप की टॉप -2 टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी।

# इंसान को लेकर उड़ने वाला देश का पहला ड्रोन तैयार

**न्यूज क्राइम फाइल**

भारतीय नौसेना में इंसानों को लेकर उड़ने वाला ड्रोन शामिल होने जा रहा है। इस ड्रोन का नाम वरुण रखा गया है। ये 100 किलोग्राम के वजन के साथ उड़ान भर सकता है। 25 से 30 किमी. का सफर 30 मिनट में पूरा कर लेगा। भारतीय नौसेना ने अपने बयान में बताया कि इस ड्रोन को पुणे में स्थित भारतीय स्टार्टअप सागर डिफेंस इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। इसे जल्द ही नौसेना में शामिल किया जाएगा। कंपनी के फाउंडर निकुंज पाराशर ने बताया कि ड्रोन हवा में तकनीकी खराबी के बाद भी सुरक्षित लैंडिंग करने में सक्षम है। इसमें एक पैराशूट भी है, जो इमरजेंसी या खराबी के दौरान अपने आप खुल जाएगा और ड्रोन सुरक्षित लैंड हो जाएगा। इसके साथ ही वरुण का इस्तेमाल एयर एंबुलेंस और दूर के इलाकों में सामान के ट्रांसपोर्ट के लिए किया जा सकता है।




**जुलाई में किया गया था ड्रोन का परीक्षण**

ड्रोन का प्रदर्शन जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने किया गया था, यहां उनके साथ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो भी शेयर किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, इससे देश की निगरानी और सुरक्षा को मजबूत किया जा सकता है। इसके अलावा इसका उपयोग राहत और मेडिकल इमरजेंसी में भी किया जा सकता है।

# माधुरी दीक्षित ने मुंबई में खरीदा नया घरः 48 करोड़ रुपए का है ये सी-फेसिंग फ्लैट; 5,384 स्क्वायर फीट में फैला हुआ है

**न्यूज क्राइम फाइल**

बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित और डॉ श्रीराम नेने ने हाल ही में मुंबई के वर्ली इलाके में एक अपार्टमेंट खरीदा है। उनके इस फ्लैट की कीमत 48 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक माधुरी का ये फ्लैट 53वीं फ्लोर पर स्थित है, जिसे उन्होंने 90 हजार प्रति रुपए स्क्वायर के हिसाब से खरीदा है। ऐसे में इसे अब तक की सबसे बड़ी डील बताया जा रहा है। उनके इस घर से समंदर का बेहद खूबसूरत नजारा दिखता है।

**इसी सोसाइटी में रेंट पर रहती हैं माधुरी**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, माधुरी का ये घर 5,384 स्क्वायर फीट में फैला हुआ है। इसके साथ ही इसमें 7 कार पार्किंग स्लॉट भी हैं। कहा जा रहा है उन्होंने इसका रजिस्ट्रेशन 28 सितंबर को ही कराया है। उन्होंने इस फ्लैट के लिए 1.07 करोड़ की स्टैंप ड्यूटी चुकाई है।



**1999 में हुई थी माधुरी की शादी**

माधुरी ने 7 अक्टूबर 1999 को डॉ श्रीराम नेने से शादी की थी। दोनों के दो बेटे अरिन और रायन हैं। दोनों अभी पढ़ाई कर रहे हैं। माधुरी शादी के कुछ सालों बाद तक अमेरिका में ही रहीं उसके बाद अपने पति और बचों के संग मुंबई में शिफ्ट हो गईं। शादी के बाद माधुरी ने कुछ समय तक ब्रेक लिया था। इसके बाद 2007 में फिल्म आजा नचले से उन्होंने वापसी की थी। माधुरी फिल्मों के अलावा कई डांस रियलिटी शोज भी जज कर चुकी हैं।

**द फेम गेम से किया है ओटीटी डेब्यू**

माधुरी ने 1984 में फिल्म अबोध में काम कर अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। लेकिन उन्हें असली सफलता 1988 में आई फिल्म तेजाब से मिली, जिसमें एक्टर अनिल कपूर लीड रोल में थे। बाद में वो दिल तो पागल है, देवदास, कोयला, अंजाम, हम आपके हैं कौन, साजन, हम तुम्हारे हैं सनम, दिल तेरा आशिक और कई अन्य फिल्मों में दिखाई दीं। उन्होंने हाल ही में वेब-सीरीज द फेम गेम के साथ अपना ओटीटी डेब्यू किया है।

## रिटायर्ड एएसआई का मर्डर

# पड़ोसी के किराएदार के साले ने घोंपा चाकू

**न्यूज क्राइम फाइल**

दूसरे का झगड़ा निपटाने गए एक रिटायर्ड स्ढ्ढ का मर्डर हो गया। वो आधी रात को अपने पड़ोसी के यहां रहने वाले किराएदार का विवाद सुलझाने गए थे। लेकिन मदद के बदले उन्हें मौत मिली। भोपाल में रिटायर्ड एएसआई की हत्या कर दी गई। एएसआई के घर के सामने किराए के मकान में रहने वाले जीजा और साले आपस में झगड़ा कर रहे थे। उनके मकान मालिक ने एएसआई से मदद मांगी। उन्होंने किराएदार के साले को घर से बाहर भगाया। तभी आरोपी ने मौका देखकर उनके सीने में चाकू घोंप दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सरदार सिंह(62) रिटायर्ड एएसआई थे। वे निशातपुरा इलाके के कृषक नगर में रहते थे। वे भोपाल के पिपलानी,गांधीनगर, एमपी नगर, टीटी नगर समेत अनेकों थानों में पदस्थ रहे। बुधवार-



गुरुवार की दरमियानी रात 3 बजे उनके घर के सामने नर्मदा प्रसाद के मकान में रहने वाले किराएदार नजीराबाद निवासी प्रकाश अहिरवार का साले रामबाबू से विवाद हो रहा था। नर्मदा प्रसाद के मदद मांगने पर सरदार सिंह उन्हें समझाने पहुंचे। उन्होंने रामबाबू को घर से बाहर भगाया। फिर वे प्रकाश को समझाने लगे। तभी रामबाबू ने उनके सीने में चाकू घोंप दिया। यह देख नर्मदा प्रसाद बीच-बचाव करने आगे बढ़े तो आरोपी ने उनको भी चाकू मार दिया। उनका भोपाल मेमोरियल अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। नर्मदा प्रसाद कॉ-ऑपरेटिव विभाग में पदस्थ हैं।

**तीन दिन पहले ही जीजा के पास आया था**

थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि आरोपी रामबाबू दो-तीन दिन पहले ही अपने जीजा प्रकाश के पास रहने आया था। प्रकाश फल-सब्जी का ठेला लगाता है। वह नर्मदा प्रसाद के मकान में ग्राउंड फ्लोर में किराए से रूम लेकर रहता है। रात में जीजा-साले ने पहले पार्टी की। इसके बाद दोनों लड़ने झगड़ने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि मकान मालिक को मोर्चा संभालने आना पड़ा। मकान मालिक ने समझाया भी, लेकिन दोनों नहीं माने। इस पर नर्मदा प्रसाद ने एएसआई को बुलाया।

**गेट खोलकर चाकू निकाला**

एएसआई ने विवाद के बाद रामबाबू को घर से बाहर कर दिया था। इसी बीच आरोपी मौका पाकर आरोपी ने जीजा के कमरे का दरवाजा खोल लिया। घर के अंदर रखा चाकू वह निकालकर बाहर की तरफ आया। आते ही उसने एएसआई के सीने में घोंप दिया। यह देख नर्मदा प्रसाद बचाने दौड़े तो उन पर भी चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। बाद में पुलिस ने उसे पकड़ा। वह मजदूरी करता है।

**शुजालपुर के रहने वाले थे सरदार सिंह**

सरदार सिंह मूलतः शुजालपुर के रहने वाले थे। पिपलानी थाने में आखिरी पोस्टिंग थी। उनके बेटे मनीष सिंह वकील हैं। पत्नी मीना चौहान घर में रहती हैं।

# पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार खंडहरों में सोता था

**न्यूज क्राइम फाइल**

एक महीने पहले पत्नि की हत्या कर फरार हुए आरोपी को सारणी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक माह से खंडहरों, जंगलों में छिपकर रह रहा था। फरार आरोपी नितेश उर्फ कालू अपनी पत्नि पूनम की हत्या कर पिछले एक महीने से जंगलों में रह रहा था। जिसकी रिश्तेदारी में तलाश की जा रही थी। लेकिन वह नही मिल पा रहा था। पुलिस को आज मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी राखड़ डेम सारनी के पास छिपा है। जिसको गठित टीम द्वारा राखड डैम के पास से गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ मे बताया की वह हत्या के बाद खण्डंहरो एवं जंगलों में छिपकर रहता था। वह एक अन्य व्यक्ति की हत्या करने वाला था। टी आई रत्नाकर हिंगवे ने बताया की आरोपी 14-15 अगस्त को जेल से छूटा



था। वह चोरी के एक मामले में निरुद्ध था। आते ही उसने लकड़ी से अपनी पत्नी को पीटना शुरू कर दिया।उसने पूनम की इतनी पिटाई की कि उसके सिर में चोट से 6-7 घाव बन गए।अधिक रक्तस्राव होने से पत्नी ने दम तोड़ दिया।हत्या के बाद से वह फरार था। पुलिस के डर से वह घर में भी नही सोता था। एमपीईबी के खंडहरों में रात गुजारा करता था।आज उसे पकड़ लिया गया। आरोपी की तीन बेटियां है।

# खुद को बताया भाई-बहन, निकला प्रेमी जोड़ा

**न्यूज क्राइम फाइल**

ग्वालियर में एक बाइक स्लिप होने के बाद सोनीपत हरियाणा से पांच महीने पहले हुए अपहरण का मामला खुल गया है। घायल लड़का-लड़की ने खुद को बहन-भाई बताया था। मऊरानीपुर टीकमगढ़ का रहने वाला बता रहे थे। संदेह होने पर जब पुलिस ने लड़की को अकेले में ले जाकर काउंसलिंग की तो बहन-भाई असल में प्रेमी जोड़ा निकला है। लड़का ठेकेदार है। पांच महीने पहले सोनीपत में ठेकेदारी करते समय 10वीं की छात्रा को प्यार के जाल में फंसाकर ग्वालियर ले आया था। यहां उसके साथ लगातार रेप किया। ग्वालियर पुलिस ने नाबालिग छात्रा को निगरानी में लेकर सोनीपत पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस छात्रा को लेने निकल आई है।

**बाइक फिसली खुला अपहरण का मामला**

टीआई गोला का मंदिर मिर्जा आसिफ बेग ने बताया कि मेला ग्राउण्ड पर एक बाइक



अचानक मिट्टी पर फिसल गई थी। जिस पर पुलिस वहां पहुंची तो बाइक सवार लड़की और लड़के को हाथ में चोट होने पर उनका इलाज कराया। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की और उनकी डिटेल मांगी तो दोनों ने खुद को बहन-भाई बताकर मऊरानीपुर टीकमगढ़ बताया था। पुलिस को लड़की के चेहरे पर घबराहट दिख रही थी। इसके कारण पुलिस ने विस्तार से पूछताछ की। एक महिला सिपाही लड़की को अकेले में लेकर गई और उसकी काउंसलिंग की तो लड़की ने बताया कि वह सोनीपत निवासी 17 वर्षीय माधवी (बदला हुआ नाम) हूं। यह आरोपी अमन सोनीपत में ठेकेदारी करता था। उसके छोटे भाई से मेरी दोस्ती थी उसे मैं पसंद करती थी। यह पांच महीने पहले मेरे करीब आया और दोस्ती कर मुझे अपने साथ ले आया। इसका पता चलते ही पुलिस ने लड़की के पिता से बात की तो उन्होंने बताया कि सोनीपत में उसके अपहरण का मामला दर्ज है। सोनीपत पुलिस से संपर्क करने पर पूरे मामले का पता लगा। पुलिस ने छात्रा और उसके अपहरण के आरोपी को निगरानी में ले लिया है। सोनीपत पुलिस ग्वालियर के लिए निकल चुकी है।

**छात्रा के साथ गलत होने की भी आशंका**

महिला कांस्टेबल जब लड़की से बात कर रही थी तो उसने उसके साथ गलत होने की बात भी कही थी। आरोपी ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए हैं। इतना ही नहीं उसे डराकर धमकाकर रखता था। तभी तो वह पुलिस के सामने उसे भाई बता रही थी। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

**पुलिस का कहना**

गोला का मंदिर थाना ञ्जढ्ढ मिर्जा आसिफ बेग का कहना है कि एक लड़की व लड़का गोला का मंदिर क्षेत्र में मिले है। लड़की सोनीपत से लापता है और उसके अपहरण का मामला दर्ज है। युवक को निगरानी में लेकर सोनीपत पुलिस को सूचना दे दी है।

# महिला यात्री ने लगाए विधायक पर अभद्रता के आरोप

न्यूज क्राइम फाइल

रेवांचल एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला यात्री ने सतना से कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सिंह कुशवाहा और कोतमा विधायक सुनील सर्राफ पर अभद्रता का आरोप लगाया है। ट्रेन से ही महिला ने अपने पति को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पति ने रेलमंत्री, डीआरएम को ट्वीट कर मदद मांगी। ट्वीट मिलते ही रेल पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच में जुटी। रेवांचल एक्सप्रेस रात करीब 1 बजे सागर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। मामले में सागर जीआरपी ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है।

जहां रेल पुलिस बोगी में पहुंचकर महिला से बात की। लेकिन सागर स्टेशन पर महिला अधिकारी नहीं होने से महिला के बयान नहीं लिए जा सके। ऐसे में जवानों की सुरक्षा में महिला को बीना स्टेशन पहुंचाया गया। जहां बीना में पदस्थ महिला अधिकारी ट्रेन में पहुंची और महिला यात्री से घटनाक्रम की जानकारी ली। अधिकारी ट्रेन में ही महिला यात्री के साथ भोपाल पहुंचे। जहां यात्री के बयान लिए गए हैं। जीआरपी थाना प्रभारी पीके अहिरवार ने बताया कि महिला के साथ टीम गई है। टीम बयान ले रही है। बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





### यह था पूरा मामला

महिला यात्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक कुशवाहा व सुनील सराफ नशे की हालत में थे। उन्होंने अभद्रता की है। महिला ट्रेन में 6 माह के बच्चे के साथ सफर कर रही थी। ट्रेन रीवा से 8 बजे चली थी। महिला कोच नंबर एच -1 में सफर कर रही थी। इसी कोच में विधायक कुशवाहा व सुनील सराफ भी सफर कर रहे थे। इसी दौरान खाना खाने के दौरान उन्होंने सो रही महिला को हाथ लगाकर उठाया। मामले की सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ जांच में जुटी हुई है। महिला के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# पैसों की बारिश के लिए दोस्त का मर्डर

न्यूज क्राइम फाइल

पैसों के लालच में इंसान कई बार हैवान बन जाता है। ऐसा ही एक मामला बालाघाट में सामने आया है, जहां पैसों की बारिश के चक्कर में 20 साल के एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमउम्र युवक की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बालाघाट के भालेवाड़ा गांव का है।

### परिजनों ने दिया सुराग

थाना प्रभारी अरुण मर्सकोले ने बताया कि 1 सितंबर की सुबह भालेवाड़ा गांव के बाहर करीब 20 साल के एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। मृतक की पहचान आदित्य उईके के रूप में हुई, जो कि 12वीं का छात्र था। उसके पिता किसान हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि गला दबाकर हत्या की गई। परिजनों ने बताया कि आदित्य को आखिरी बार विजय उईके के साथ घूमते देखा गया था। हमने विजय को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की।



### ये है पूरा मामला

आरोपी विजय ने पुलिस को बताया कि धनवर्षा के लालच में उसने आदित्य की हत्या की थी। उसने कहीं पढ़ा था कि अगर रस्सी या गमछे से किसी की हत्या की जाए, उसके बाद उसी रस्सी या गमछे से नारियल बांधकर उससे पूजा करें तो धन की बारिश होती है। इसी लालच में हमने 1 सितंबर को आदित्य को मिलने बुलाया और फिर गमछे से गला घोंटकर उसे मार डाला। फिर हमने उसमें नारियल बांधकर पूजा की, लेकिन हमारे ऊपर कोई धनवर्षा नहीं हुई।

### सभी आरोपी गिरफ्तार

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथियों सुरेंद्र इनवाती, मोहित कांवरे, पंकज मानेसर और विनोद साहू के साथ मिलकर वारदात की थी। ऋद्ध मर्सकोले ने बताया कि हत्या में शामिल मोहित, सुरेंद्र, पंकज, विनोद को हमने गिरफ्तार कर लिया। हत्या में शामिल सुरेंद्र मुक्द्दम का बेटा है। दूसरा आरोपी विनोद एक किराना व्यापारी है।

# घर में अकेली युवती से पड़ोसी ने किया रेप

न्यूज क्राइम फाइल

गांव कामरारी में घर में घुसकर एक 21 साल की युवती के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। युवती अपने घर अकेली थी। तभी युवक आकर अश्लील हरकतें करने लगा। युवती ने विरोध किया तो मारपीट कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उसे चुप करा दिया और भाग गया। परिवार जब घर आए तो युवती ने पूरी बात बताई। युवती की ओर से जिगना थाने में मामला दर्ज कराया गया है। कमरारी गांव में रहने वाली एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह घर में अकेली ही थी। कमरे में बैठी थी। परिवार के लोग काम से बाहर गए थे। तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपी युवक कल्याण केवट आ गया। उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। छेड़छाड़ करने पर युवती ने विरोध किया तो मारने लगा। युवती चिल्लाने लगी तो उसका मुंह बंद कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर रेप किया। फिर वह किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। शाम को परिवार के लोग घर पर आए तो युवती चुपचाप अकेली बैठी थी। परिजनों ने पूछा तो युवती ने पूरी बात बताई। युवती ने परिवार के साथ थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस फरार आरोपी युवक की तलाश कर रही है। जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# महिला की हत्या, गहने-नकदी गायब

न्यूज क्राइम फाइल

ग्वालियर में एक 26 वर्षीय विवाहित महिला की उसके ही घर में हत्या कर दी गई है। घटना गुरुवार दोपहर की है। घटना के समय महिला का डेढ़ साल का बेटा उसके ही पास था। दोपहर बाद जब महिला का पति घर पहुंचा तो पत्नी मृत पड़ी थी। उसका डेढ़ साल का बेटा मां की मौत से अनजान उसके पेट पर खेल रहा था। घर से करीब 10 तोला सोना व 50 हजार रुपए नकदी चोरी हुआ है। पत्नी को इस तरह पड़ा देखने के बाद पति उसे लेकर हॉस्पिटल पहुंचा, जहां डॉक्टर ने महिला का चेकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना लगते ही पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट मौके पर जा पहुंचे। शहर के जनकगंज स्थित अयोध्या नगरी गली नंबर-2 में रहने वाले मनीष शर्मा की पत्नी माला शर्मा हत्या हुई है। बताया गया है कि मृतक महिला का पति मनीष पुराने हाईकोर्ट के पास होटल सिटी ग्रैंड में मैनेजर है। रोज की तरह मनीष होटल जाने के लिए सुबह 11 बजे घर से निकला था। जब दोपहर 3 बजे घर वापस लौटकर आया तो घर के सारे दरवाजे खुले हुए थे, उसने अंदर जाकर देखा तो उसकी पत्नी माला बेड पर पड़ी हुई थी और उसका डेढ़ साल का बेटा उसके पेट पर खेल रहा था। घर में रखी अलमारी का सामान बिखरा हुआ पढ़ा था और उसमें रखे 10 तोला सोने के जेवर व 50 हजार रुपए नगद गायब थे। जिसके बाद पति आनन-फानन में पत्नी को हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टर ने महिला का चेकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी सूचना लगते ही पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट मौके पर जा पहुंचे जहां मृतक महिला के शव की जांच पड़ताल कर पीएम हाउस के लिए भेजकर मामला दर्ज कर जांच



शुरू कर दी है।

**कोई फोर्स एंट्री नहीं, हत्या करने वाले करीबी**

महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई है अभी इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस अंदाजा लगा रही है कि हो सकता है कि लूट करने आए लुटेरों का महिला ने विरोध किया हो इसलिए लुटेरों महिला की गला दबाकर हत्या कर दी और पूरा माल लेकर वहां से भाग निकले। पर पुलिस को वहां फोर्स एंट्री के कोई सबूत नहीं मिले हैं, लेकिन हैरत की बात यह है कि जिस घर में महिला और उसका पति रहता है उसके ऊपर वाली मंजिल में उसके घर किराएदार भी रहते हैं। महिला के साथ इतना सब कुछ हो गया और किराएदार को महिला की हत्या होने की भनक तक नहीं लगी।

**पति ने सुनाई यह कहानी, पुलिस को संदेह**

मृतक महिला माला के पति मनीष शर्मा ने बताया कि सुबह 11 बजे वह होटल ड्यूटी करने के लिए घर से निकला था, जब वह दोपहर 3 बजे घर वापस आया तो उसे घर के दरवाजे खुले मिले अंदर जाकर देखा तो माला मृत अवस्था में पलंग पर पड़ी हुई थी और घर में रखी अलमारी से सोना और नकदी गायब थे। वह उसे लेकर अस्पताल भी गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका कहना है कि लूट करने आए अज्ञात बदमाशों ने उसकी पत्नी की हत्या की है। फोर्स एंट्री या महिला के शरीर पर संघर्ष के कोई निशान न होने पर पर पुलिस के पति की कहानी पर संदेह है। सीएसपी मुनेश राजोरिया का कहना है कि एक महिला की उसी के घर में गला दबाकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंचा हैं।

# इटारसी में साले-ससुर ने जूते-चप्पलों की माला पहनाई; कपड़े उतारकर घुमाया

न्यूज क्राइम फाइल

इटारसी में एक युवक को कपड़े उतारकर और चप्पल-जूते की माला पहनाकर जुलूस निकाला गया। जुलूस में बाकायदा डीजे भी लगाया गया। युवक के मुंह और सिर पर गोबर लगाकर पूरे गांव में घुमाया। युवक की गलती सिर्फ इतनी थी कि वह अपनी पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा था। ससुरालवालों ने उसे भेजने से मना कर दिया। जब युवक जिद करने लगा तो ससुर और साले ने कपड़े उतरवाकर मारपीट की। जुलूस का वीडियो सामने आया है। नर्मदापुरम जिले के माखन नगर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले 30 साल के युवक ने पथरोटा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एएसआई एमएस भट्टी ने बताया कि अपनी पत्नी को लेने



ससुराल पहुंचे युवक की साले-ससुर ने पिटाई की। फिर रिश्तेदार सरपंच और गांव के एक युवक ने उसे जूते चप्पल की माला पहनाई। डीजे बुलाकर गांव में जुलूस निकाला। इस दौरान ससुराल वाले उसे लाठियों से पीटते रहे। पुलिस ने 3 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ससुराल आने को तैयार नहीं थी पत्नी, मनाने गया था...

पीड़ित ने बताया, 8 दिसंबर 2021 उसकी शादी इटारसी थाने के पथरोटा क्षेत्र में एक गांव की युवती से हुई थी। शादी के बाद वह नर्सिंग की ट्रेनिंग कर रही थी। इसी बीच नर्सिंग कॉलेज की मान्यता रद्द हो गई, जिसके बाद वह मायके चली गई। वहां से वापस ही नहीं आ रही थी। 2 अक्टूबर को पत्नी को फोन कर ससुराल आने की सूचना दी। मंगलवार रात को वह उसे लेने पहुंचा। यहां ससुराल वालों ने उसे भेजने से मना कर दिया। उनका कहना था कि तुम बेटी को ठीक से नहीं रखते हो। जब उसने पत्नी को भेजने की जिद की तो ससुराल वाले भड़क गए। साले-ससुर ने उसके साथ मारपीट कर दी। गाली-गलौज करते हुए हाथ बांधकर उसके कपड़े उतार दिए।

**गाड़ी वाला आया... गाना बजाया**

पीड़ित युवक इटारसी में सराफा दुकान पर काम करता है। ससुराल में युवक से का डीजे से जुलूस निकाला। इसके पहले ससुराल वालों ने उसके चेहरे और सिर में गोबर लगाया। डीजे पर गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल... गाना बजाया गया। इस दौरान ससुराल पक्ष का एक व्यक्ति हाथ में डंडा लेकर उसे धमकाते हुए नजर आ रहा है। युवक के आसपास करीब 10 लोग लाठियां लेकर चल रहे हैं।

# 24 घंटे में दो हत्याओं से दहला मध्यप्रदेश का जबलपुर

न्यूज क्राइम फाइल

24 घंटे के अंतराल में हुई दो हत्याओं से संस्कारधानी जबलपुर दहल गई है। गढ़ा थाने कोस्था मोहल्ले में जहां 22 वर्षीय युवक की चाकूओ से गोदकर हत्या कर दी गई, तो वही गोरखपुर में भी एक 22 साल के युवक को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। दोनों ही मामले में हत्या करने वाले आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं जिन्हें की पुलिस तलाश कर रही है। गोरखपुर थाने में हुई हत्या का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। ग्राम अंधुआ का रहने वाले 22 वर्षीय युवक जितेंद्र रैदास की गोरखपुर थाना अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला के पास देर रात चाकू से हमला कर दिया गया, हमले से अधिक खून बह जाने के कारण उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची गोरखपुर पुलिस ने हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। जितेंद्र पर हमला करने वाले 2 से 3 आरोपी हैं,इनका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मृतक जितेंद्र गुरूवार रात घर से दशहरा देखने के निकला था। बताया जा रहा है कि मृतक और




आरोपियों के बीच पुराना विवाद चला आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को जितेंद्र रैदास पर हमला करने वाले अभिषेक उर्फ छोटू सोनकर, गौरव सोनकर एवं सूजल जयसवाल है जिन्होंने चाकू से हमला कर हत्या की है। जानकारी के मुताबिक कुछ माह पहले जितेंद्र का आरोपियों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। गोरखपुर थाना अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला में हत्या करने वाले आरोपियों को जबलपुर पुलिस तलाश कर ही रही थी कि गढ़ा में भी एक 22 वर्षीय युवक की चाकूओ से गोदकर हत्या कार दी गई। आरोपी अज्ञात बताए जा रहे हैं जो कि अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।मृतक युवक का नाम अक्षय लखेरा है जो कि सौंदर्य प्रसाधन की दुकान संचालित करता था। बताया जा रहा है कि बीती रात 2 बजे वह घर में ही था, तभी उसके पास किसी का कॉल आया और वह कपड़े पहनकर चला गया। सुबह तक वह वापस नहीं आया, परिजन भी यह सोचते रहे कि वह चल समारोह में ही घूम रहा है।


# दिल्ली एयरपोर्ट पर 28 करोड़ की 7 घड़ियां जब्त



नरेन्द्र कुमार वर्मा

देश के दो बड़े एयरपोर्ट पर गुरुवार को 100 करोड़ रुपए से अधिक के अवैध माल की जब्ती हुई। इनमें दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट से कस्टम विभाग ने दुबई से आए तस्कर के पास से 7 घड़ियां बरामद कीं। इनकी कीमत 28 करोड़ है। इनमें से एक घड़ी जैकब एंड कंपनी की है। इसमें हीरे जड़े हैं। इसकी कीमत 27 करोड़ है। उधर, मुंबई एयरपोर्ट पर 16 किलो हेरोइन जब्त की गई। इसकी कीमत 80 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।






## दुबई से डिलीवरी करने दिल्ली एयपोर्ट आया था तस्कर

आईजीआई एयरपोर्ट के कस्टम कमिश्नर जुबैर रियाज कामिली ने बताया कि बरामद की गई घड़ियों में एक रॉलेक्स कंपनी की है। एक ब्रेसलेट और आईफोन भी जब्त किया गया है। यात्री इस सामान की डिलीवरी करने दुबई से दिल्ली पहुंचा था। उसके पास से सामान से संबंधित किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले। इसलिए उसे अरेस्ट कर लिया गया है।

## आरोपी का दुबई में महंगी घड़ियों का शोरूम

जुबैर रियाज ने बताया कि आरोपी का दुबई में महंगी घड़ियों का शोरूम है। आईजीआई के कई शहरों में शोरूम के ब्रांच भी हैं। कमिश्नर के मुताबिक आरोपी दिल्ली में एक हाई-प्रोफाइल क्लाइंट को डिलीवरी देने आया था। क्लाइंट गुजरात का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि क्लाइंट ने दिल्ली के एक फाइव स्टार होटल में उसे मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन वह नहीं पहुंचा। आरोपी को जान का खतरा है, इसलिए उसने क्लाइंट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। कमिश्नर के मुताबिक यह तस्करी करीब 60 किलोग्राम सोने की स्मगलिंग के बराबर है। ट्रॉली बैग के अंदर छिपाया था 80 करोड़ का ड्रग्स, भारत में पहुंचाने के लिए 80 हजार लिए थे

मुंबई एयरपोर्ट से एक तस्कर के पास से डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (आईजीआई) ने 16 किलो ड्रग्स बरामद किया है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत करीब 80 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इसे विदेश से मुंबई लाया गया था और दिल्ली ले जाना था। ड्रग्स को भारत पहुंचाने के लिए आरोपी को एडवांस में 80 हजार रुपए मिले थे। मुंबई डीआरआई ने 1 अक्टूबर को वाशी के पास एक ट्रक से 198 किलो ड्रग्स और 9 किलो कोकीन बरामद किया था। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत करीब 1,476 करोड़ रुपए थी। तस्कर यह ड्रग्स और कोकीन संतरों से लदे ट्रक में छिपाकर ले जा रहे थे।




# राजस्थान में 60 हजार करोड़ का निवेश करेंगे अडाणी

न्यूज क्राइम फाइल




राजस्थान में इंडस्ट्री और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए इन्वेस्ट राजस्थान समिट शुरू हो गई है। इस समिट में दुनिया के करीब 3 हजार से ज्यादा उद्योगपति-बिजनेसमैन शामिल हो रहे हैं। दो दिन तक आयोजित होने वाले इस मेगा बिजनेस इवेंट में शामिल होने के लिए अडाणी ग्रुप के गौतम अडाणी, वेदांता ग्रुप के अनिल अग्रवाल भी पहुंचे। समिट उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि- हमारे राजस्थान में अकाल सूखे पड़ते थे, अब हमारे उद्योगपति छाए हुए हैं। उन्होंने वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल को राजस्थान में सेमीकंडक्टर चिप की इंडस्ट्री लगाने के लिए भी निमंत्रित किया। सीएम ने कहा- गौतम भाई को दुनिया के दूसरे नंबर का अमीर बनने की बधाई। समिट में गौतम अडाणी ने राजस्थान में 60 हजार करोड़ के इंवेस्टमेंट का ऐलान किया।

इससे पहले समिट में टाटा पावर ने राजस्थान में बड़े निवेश की घोषणा की। कंपनी के सीईओ प्रवीर सिन्हा ने कि राजस्थान में आने कुछ सालों में दस हजार पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। उन्होंने कि प्रदेश के सभी हाईवे पर इस तरह के स्टेशन देखने को मिलेंगे। सिन्हा ने कहा कि टाटा पावर ने राजस्थान में 5000 मेगावॉट के लिए निवेश किया है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने इन्वेस्टर समिट के कहा कि राजस्थान की चर्चा कनाडा में भी है। कनाडा में केवल छह महीने ही माइंस में काम हो सकता है क्योंकि बर्फबारी की वजह से छह महीने खानें बंद करनी होती हैं। वहीं, राजस्थान में हर समय माइंस चालू रहती हैं इसलिए यहां ज्यादा संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यहां तेल-गैस भरा हुआ है।

## पेज 1 का शेष



# क्या प्रशासन की कार्रवाई से सटोरी के हाथ में आएगा कटोरा ?



## राजा कुरैशी की संपत्ति

- भोपाल रोड पर बालिका छात्रावास के पास 12 बीघा जमीन
- झुकर जोगी में 15 बीघा जमीन
- सिरोंज विद्युत मंडल के पास फॉर्म हाउस 10 बीघा लग भग
- 2 दुकान नगर पालिका परिषद सिरोंज में
- 2 दुकान भोपाल रोड सिरोंज पर
- 2 मकान भोपाल में
- 3 मकान सिरोंज में माता की मडिया के पास
- 2 प्लाट सिरोंज में एवं 1 बुलेरो 3 बाइक 1 टेकर्टर ट्राली

**यह सभी संपत्ति उसने अपने करीबियों के नाम कर रखी है। यह जानकारी हमें सूत्रों से मिली है।**

### भाजपा की एंटी क्राइम पॉलिसी कहां गई?

कांग्रेस से भाजपा में छलांग मार कर आया सटोरी राजा कुरैशी पर कई मामले दर्ज हैं। उसके बाद भी भाजपा ने उसकी पत्नी आमना बी को वार्ड 21 से अपने प्रत्याशी घोषित किया। नेताजी के कारण चुनाव जीत भी गया। परंतु सवाल यह उठता है कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान में यह साफ कहा गया था कि भाजपा द्वारा अपराधिक रिकॉर्ड वाले किसी भी कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं दिया जाएगा। इसका असर देखने को भी मिला भोपाल में बाबू मस्तान और पिंकी भदोरिया जैसे अपराधियों के टिकट काटे गए। लेकिन मामा शिवराज के बात सिरोंज तक नहीं पहुंच सकी इसका नतीजा यह रहा कब्जाखोर सटोरी राजा कुरैशी की पत्नी आमना बी को भाजपा से टिकट दिया गया। वैसे भाजपा संगठन में नियमों को काफी अहमियत दी जाती है। लेकिन नेताजी ने मुख्यमंत्री बात को काटकर सटोरी को टिकट दिलवा ही दिया।

### बुजुर्ग की संपत्ति पर किया है कब्जा

अधेड़ सटोरी और पार्षद पति राजा कुरैशी द्वारा अंसार अहमद नामक एक 81 साल के बुजुर्ग की संपत्ति पर कब्जा किया गया है। 81 साल के अंसार अहमद रिटायर्ड आर. आई है उन्होंने 5 साल पहले राजा कुरैशी को अपनी दुकानें किराए पर दी थी। लेकिन 6 महीने किराया देने के बाद राजा कुरैशी द्वारा उनकी दुकानो पर कब्जा कर लिया गया। जब भी अंसार अहमद सटोरी राजा कुरैशी से अपनी दुकानें खाली करवाने जाते तो सटोरी उनको अपनी पॉलिटिकल पॉवर और पकड़ की धमकी देता। अंसार अहमद ने 81 साल की उम्र में सीएम हेल्प लाइन से लेकर हर उस व्यक्ति से राजा कुरैशी की शिकायत की परंतु अंसार अहमद के हाथ निराशा ही लगी क्या यही इस देश का कानून और न्याय? न जाने अंसार अहमद जैसे और कितने लोगों की सटोरी द्वारा संपत्ति हड़पी गई होंगी।




### राजा सटोरी की संपत्ति पर कब चलेगा मामा का बुलडोजर

प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान जो कि इन दिनों बुलडोजर मामा के नाम से जाने जाते हैं। सीएम शिवराज द्वारा प्रदेश के अपराधियों के दिलों में जो खौफ पैदा किया गया है वह काबिले तारीफ है।? मुख्यमंत्री द्वारा कई बार मंच से कहा गया है गरीब असहाय और निर्दोष लोगों को सताया गया तो मामा मकान को मैदान में बदल देगा लेकिन सिरोंज के बदमाश मामा की इस बात को शायद नजरअंदाज कर रहे हैं और आज भी धड़ल्ले से जुआ सट्टा खुलेआम चला रहे हैं। सीएम द्वारा भोपाल इंदौर सहित कई जिलों के बदमाशों को जड़ से उखाड़ के फेंका गया है। लेकिन मामा का बुलडोजर राजा कुरैशी जैसे सटोरी की संपत्ति पर कब चलेगा यह पता नहीं। क्या भाजपा से जुड़े होने के कारण नहीं हो रही है कार्रवाई ?




### सटोरी का राइट हैंड करता है फोन

अनपढ़ अधेड़ और पार्षद पति सटोरी राजा कुरैशी का राइट हैंड न्यूज क्राइम फाइल के डायरेक्टर को फोन कर न्यूज क्राइम फाइल के भोपाल के हेड जर्नलिस्ट वजाहत खान के बारे में पूछने लगता है। क्योंकि वजाहत खान द्वारा पिछले सप्ताह के अंग में कब्जाखोर सटोरी राजा के खिलाफ स्टोरी छापी गई थी। बार-बार जर्नलिस्ट वजाहत खान के बारे में पूछने पर डायरेक्टर द्वारा राजा कुरैशी के राइट हैंड को लताड़ लगाई जाती है जिसके बाद में वह फोन स्विच ऑफ कर लेता है, सटोरी राजा को यह नहीं मालूम कि जिनके घर शीशे के होते हैं वह दूसरों पर पत्थर नहीं मारा करते। अंत में यही कहना चाहूंगा कि किसी की अच्छाई और किसी की बुराई लिखनी है मैं पत्रकार हूं मुझे सिर्फ सच्चाई लिखनी है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक उदय प्रताप सिंह चौहान द्वारा कविता ऑफसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल ( म. प्र. ) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक- उदय प्रताप सिंह चौहान, मो.7223003441 ( प्रति सोमवार को प्रकाशित ) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। ) RNI.NO MPHIN/2015/63623